भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *268
उत्तर देने की तारीख : 11.07.2019

एमएसएमई की स्थापना

*268. श्री तीरथ सिंह रावतः
डॉ॰ टी॰ आर॰ पारिवेन्धरः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की स्थापना करने हेतु कोई ठोस औद्योगिक नीति/कार्य योजना बनाई है ताकि ऐसी जगहों से, विशेषकर पौड़ी गढ़वाल जैसे क्षेत्रों के लोगों को स्थायी रोजगार प्रदान किया जा सके, और उन्हें लगातार पलायन किए जाने से रोका जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का तमिलनाडु के औद्योगिक रूप से पिछड़े पेरम्बलुर क्षेत्र सहित देश में और अधिक संख्या में एमएसएमई की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान पेरम्बलुर सहित देश में स्थापित किए गये एमएसएमई की कुल संख्या कितनी है?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री
(श्री नितिन गडकरी)

(क) से (ग) : विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*****

लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *268 जिसका उत्तर दिनांक 11.07.2019 को दिया जाना है के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) और (ख) : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) देश भर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के संवर्धन और विकास के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करता है। इनमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), पारंपरिक उद्योगों के पुनरुज्जीवन के लिए निधि योजना (स्फूर्ति), नवोन्मेष, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता संवर्धन योजना, (एस्पायर), क्रेडिट गारंटी योजना, क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी योजना (सीएलसीएसएस), सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी), आदि जैसी योजनाएं/कार्यक्रम शामिल है।

इन कार्यक्रमों और योजनाओं का उद्देश्य देश भर में एमएसएमई की प्रगति के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है।

(ग) : उद्योग आधार ज्ञापन के आंकड़ों के अनुसार, गत तीन वर्षों के दौरान देश में विशेष रूप से तमिलनाडु के पेरम्बलुर जिले में पंजीकृत एमएसएमई की कुल संख्या नीचे तालिका में दी गई है:

	वर्ष 2016-17	वर्ष 2017-18	वर्ष 2018-19	कुल
संपूर्ण भारतवर्ष	2373223	1517784	2123472	6014479
पेरम्बलुर जिला	492	528	562	1582

*****